जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / एफ / प्रशा / स्था / 2021 / 4748 दिनांक 01/12/2021

अंतिम स्मरण पत्र

प्रति,

विभागाध्यक्ष / अधिकारी / समन्वयक / निदेशक / प्रभारी / वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
एवं प्राचार्य, जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

विषयः– वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2020–21 हेतु जानकारी भेजने बावत्।
संदर्भः– कमांक / एफ / प्रशा / प्रवेश / 2021 / 4585, दिनांक 27.09.2021 एवं 4668, प्रथम स्मरण पत्र के संदर्भ में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय का वर्ष 2020–21 का (01 जुलाई 2020 से 30 जून 2021 तक) वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना है जिसमें नि नालेखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक हैः–

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास तथा स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जाये एवं प्राध्यापकों की विषयावार संख्या भी दी जायें।)
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को संबद्धता है तथा वे विषय जिनमें शोध सुविधायें उपलब्ध है और शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्रों की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग की जानकारी पृथक से अंकित की जायें।)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम।
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हों तो उनके विवरण अलग से टाईप कराकर भेजे जा सकते है।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागों की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखें जाते है। शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय सीमा में प्रतिवेदन संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय में नही भेजते है तो संबंधित विश्वविद्यालय अध्ययनशाला / महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष / प्राचार्य की दो वेतन वृद्धि रोकी जाने एवं अनुशासनत्क कार्यवाही किये जाने हेतु शासन को लिखा जावेगा तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नही भेजे है तो ऐसे महाविद्यालयों की संबंद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी तथा महाविद्यालय की मान्यता समाप्त करने हेतु शासन को लिखा जावेगा।

अतः कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रतिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक 10-12-21 तक वार्षिक प्रतिवेदन की तीन तीन प्रतियों में **हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (M.S. Word)** में स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पते भेजने का कष्ट करें। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ई–मेंल आई–डी Juadmsection@gmail.com पर भी आवश्यक रूप से भेंजे।
"भेजी गई जानकारी तथ्यात्मक एवं सत्य है" इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

कुलसचिव

संलग्न :– प्रोफार्मानुसार

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आश्यक कार्यवाही हेतु।

1. उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल।
3. क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. वेबसाइट प्रभारी, इस सूचना पत्र एवं प्रोफार्मा को तत्काल जीवाजी विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करें।

सहा / उप–कुलसचिव (प्रशा0)

1713